मिशन शिक्षण संवाद

बेसिक की कविताओं का संगीतमय संग्रह

स्वरांजलि

1

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।

पाठ- 1

मेरा देश

मेरा देश, सलोना देश,
सचमुच चाँदी सोना देश।
पर्वत घाटी वाला देश
सोंधी माटी वाला देश।
ज्यों आँखों का तारा देश,
मेरा और तुम्हारा देश।

शेरजंग गर्ग

वीडियो देखने के लिए icon को click करें

पाठ- 4

हुआ सवेरा

हुआ सवेरा चिड़ियाँ बोलीं,
बच्चों ने तब आँखें खोलीं।
अच्छे बच्चे मंजन करते,
मंजन करके कुल्ला करते।
कुल्ला करके मुँह को धोते,
मुँह धो करके रोज नहाते।
रोज नहाकर खाना खाते,
खाना खाकर पढ़ने जाते।

वीडियो देखने के लिए icon को click करें

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।

पाठ- 7

पतंग

सर-सर सर-सर उड़ी पतंग,

फर-फर फर-फर उड़ी पतंग।

इसको काटा, उसको काटा,

खूब लगाया सर सपाटा।

अब लड़ने में जुटी पतंग,

अरे कट गई, लुटी पतंग !

सर-सर सर-सर उड़ी पतंग,

फर-फर फर-फर उड़ी पतंग।

-सोहनलाल द्विवेदी

शिक्षा का अधिकार

वीडियो देखने के लिए icon पर click कीजिए

पाठ- 18

जाड़ा, गरमी और बरसात

किट-किट किट-किट बजते दाँत,
निकल न पाती मुँह से बात।
थर-थर थर-थर काँपे हम,
आया जाड़ा ठिठुरे हम।।

सनन- सनन लू चलने लगती,
गरम तवे-सी धरती जलती।
आओ खाएँ बर्फ मलाई,
गरमी आई गरमी आई।।

बूँदें गिरती छम-छम-छम,
बिजली चमकी चम-चम-चम।
पानी बरसा टप-टप-टप,
चलो नहाएँ छप-छप-छप।।

-सूर्य कुमार पाण्डेय

वीडियो देखने के लिए icon पर click कीजिए

पाठ- 20

चंदा मामा

चंदा मामा खाते लड्डू,
आसमान की थाली में।
लेकिन वे पीते हैं आकर,
पानी मेरी प्याली में ।।

थपकी दे-दे कर जब अम्मा,
मुझे सुलाती रात में।
सो जाता चंदा मामा से,
करता-करता बात मैं।।

चंदा मामा आ जाना,
साथ मुझे ले जाना।
कल से मेरी छुट्टी है,
ना आए तो कुट्टी है।।

-द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

वीडियो देखने के लिए icon पर click कीजिए

मिशन शिक्षण संवाद
मिशन
शिक्षण
संवाद
अर्चना पाण्डेय, गौतमबुद्ध नगर ☆ ज्योति विश्वकर्मा, बाँदा ☆ रुचि त्रिवेदी, कानपुर
पूजा सचान, झाँसी ☆ गीता यादव, फतेहपुर ☆ ख्याति गुलाटी, सहारनपुर
शिवम सिंह, जौनपुर
मिशन
मिशन संवाद
मिशन
शिक्षण
संवाद
स्वरांजलि
वीरेन्द्र परनामी, हमीरपुर
पूजा पाण्डेय, बाराबंकी ☆ प्रतिभा यादव, सहारनपुर ☆ शालिनी सक्सेना, बरेली
अर्पणा कुमार आर्य, बरेली ☆ निशी सिह वाराणसी ☆ सिन्धुजा श्रीवास्तव, जौनपुर
टीम स्वरांजलि